तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

14 लो वोल्टेज और कटौती के खिलाफ तीन गांवों के ...

14 तहसीलस्तरीय कर्मा महोत्सव कोरर में मनाया,...




## खबर संक्षेप



### इलेक्ट्रिक ट्रेन को नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

**भानुप्रतापपुर**। भानुप्रतापपुर नगर वासियों के द्वारा बहुत दिनों से इलेक्ट्रिक ट्रेन की मांग की जा रही थी। ताड़ोकी से रायपुर के लिए इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ हुआ, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने इलेक्ट्रिक ट्रेन की पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भानूप्रतापपुर शहर के व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनंत गोपाल कोठारी, मोहन हरद्वानी, किराना व्यापारिक संघ के अध्यक्ष नरेश जैन, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, नरोत्तम सिंह चौहान, लक्ष्मण कुलदीप, दीपांकर मजूमदार, गोविंद कर्मकार, राममिलन साहू, मनीष एस, राकेश दार्रो, विमल गोटा, अनिल सामनानी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### बीमारी से परेशान अधेड़ ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर**। थाना कांकेर के ग्राम पुरियारा निवासी मृतक 45 वर्षीय अर्जुन सिंह कुजांम एक माह पहले स्वंय की मोटर सायकल से गिरकर घायल हो गया था, जिसके सिर में चोंट आई थी। जिला अस्पताल में ईलाज करवाने के उपरांत डिस्चार्ज करके घर में रह रहा था और 15 दिन में चेकअप करने चिकित्सक के पास जाना पड़ता था। मृतक के सिर में दर्द लगातार होता रहता था, जिससे परेशान होकर अधेड़ ने 26 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चारामा में 9 दिन तक श्रद्धालु करेंगे श्री शिव महापुराण कथा का रसपान

**चारामा**। नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 13 में भगवान महादेव की अमृत कथा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन सोमवार 28 अप्रेल से मंगलवार 6 मई तक किया जा रहा है। इस 9 दिवसीय कथा की शुरुवात प्रतिदिन मध्यान्ह 2 बजे से होना है। वहीं कथा के पूर्व प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया है। कथा का आयोजन समस्त वार्ड वासियों के सहयोग से किया गया है, जिसमें सिद्धि विनायक मंदिर फिंगेश्वर बारुला से पधारे प्रवचनकर्ता पंडित त्रिभुवन मिश्रा के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्री शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जाना है।

### युवक ने गुस्से में की आत्महत्या

**कांकेर**। पखांजुर थाना के अंतर्गत पखांजुर निवासी 21 वर्षीय शुभम तांती को परिजनों ने रोज देर रात तक घूमने की बात को लेकर डांट दिया। जिससे नाराज युवक ने 26 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा।

### समर कैंप को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्गूकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल के शिक्षको के सहयोग से गांव स्तर पर बनाए हुए स्वयंसेवकों और शिक्षकों को समर कैंप की प्लानिंग, कॉन्टेंट एवं डेटा एंट्री को लेकर बीआरसी भवन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने समर कैंप के आयोजन के लिए आश्वासन दिया और सभी ने समर कैंप का नारा लगाकर अपना उत्साह जाहिर किया। बैठक में एबीईओ अंजनी मंडावी, बीआरसी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# बासनवाही, गिरहोला व अरौद के बिगड़े हेंडपंपों की पीएचई विभाग ने ली सुध

## गांव-गांव पहुंचकर जल की आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण कर रही है विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण के साथ पानी के स्त्रोतों की जांच कर बंद पड़े हैंडपंपों की संधारण कार्य तेजी से कर रहें है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम जिले के सभी विकासखंडो के ग्रामों पर पहुंचकर जल की समस्या के निराकरण को लेकर जुटी हुई है।

विभाग की टीम शिकायत आने वाले ग्रामों के हैंडपंप से पानी लेकर उसकी गुणवत्ता की जाँच भी कर रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम बासनवाही और चारामा विकासखण्ड के ग्राम गिरहोला तथा अरौद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं का विभागीय टीमों ने जायजा लिया। जायजा लेने के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से ग्रामीणों को बचाया जा सके।

पीएचई विभाग ने मरम्मत योग्य हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का निर्देशित भी किए हैं। विभाग की टीम गाँव गाँव पहुँचकर हैंडपंप भी सुधार कार्य में लगी हुई है। गर्मी के मौसम में जिले के अंतिम गाँव के लोगों को पानी मिले, इसके लिए विभाग की टीम लगातार गांवों का भ्रमण करने में जुटी हुई है और समस्या का निदान कर रही है।

- जल जीवन मिशन के अंतर्गत की जा रही व्यवस्था ओं का लिया जा रहा जायजा




### विभाग समस्या निदान के लिए सक्रिय

कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर ने बताया कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जल संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके।

## गोरखधंधा : रेत निकालने के लिए एनीकट में भरे पानी को रेत तस्करों ने छोड़ा, अधिकारी मौन

# चेन माउंटेन सील करने के बाद भी नहीं थम रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

चारामा में एक दर्जन से अधिक चैन माउंटेन के सील किए जाने के बाद भी महानदी से अवैध ढंग से रेत निकालने का खेल अनवरत जारी है। अधिकारी उसी चैन माउंटेन को जप्त कर रहे है, जिसके लिए पावरफुल लोगों का फोन आता है, इसके अलावा स्वमेंव कार्रवाई नहीं हो रही है। भिरौद में दो चैन माउंटेन, भुईगांव में एक चैन माउंटेन से अवैध रेत रात को 12 बजे से निकाली जा रही है। इसके अलावा भिलाई, तेलगुड़ा, माहुद, मचांदुर में रेत खदान को चालू करने के लिए सेटिंग का खेल शुरू कर दिया गया है।

- खदान को चलाने के लिए रेत तस्करों को मिल रहा चौतरफा संरक्षण

जानकारी के अनुसार माहुद और टांहकापार में चैन माउंटेन को सील करने के बाद ऐसा लग रहा था कि अब विराम लगेगा, परंतु उसके बाद भी रेत तस्कर कहीं न कहीं से रेत निकाल रहे है। यह भी चर्चा है कि भिलाई में जहाँ पर खदान स्वीकृत नहीं है, वहाँ पर कई दिनों से रात को 12 बजे दो चैन माउंटेन लगाई जाती है और रेत तस्कर रेत निकालते रहते है।

यहाँ से रेत निकालने के लिए एनीकट में भरे पानी को भी निकाल दिए जाने की चर्चा भी क्षेत्र में बनी हुई है। एनीकट के गेट खोलकर पानी निकालने की हिमाकत रेत तस्कर ने कर दिया, परंतु इसका विरोध किसी के द्वारा नहीं किया गया और न ही शिकायत किया। इस खदान को चलाने के लिए रेत तस्करों को संरक्षण सभी तरफ से मिल रहा है।

अधिकारियों के साथ एक एक खदान पहुँचकर चैन माउंटेन को सील करवाने वाले इस खदान को लेकर मौन साधे हुए है। चारामा क्षेत्र के लगभग 10 से 12 युवकों ने रात को लगभग दो बजे भुईगांव से रेत भरी हाईवा को राष्ट्रीय राजमार्ग में रोककर हाईवा के चालक के साथ जमकर मारपीट किया था। चालक के साथ इतनी बेरहमी से पिटाई किया कि डर के चलते थाना तक शिकायत करने नहीं पहुँचा। चारामा क्षेत्र में गुंडागर्दी और रेत तस्कर जिस ढंग से सक्रिय हो गए है, उससे यही लग रहा है कि आने वाले समय में कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

चारामा में चर्चा है कि भिलाई, भुईगांव, टाहकांपार में भी अवैध रेत का उत्खनन रात को 12 बजे के आसपास शुरू होता है। चारामा क्षेत्र में चल रही अवैध खदानों का निरीक्षण जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने किया, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही होते हुए नहीं दिख रही है।

**कार्रवाई: अफसरों को देख आपरेटर व हाईवा चालक वाहनों को छोड़कर भाग गए**

**टांहकापार और माहुद रेत खदान में लगी चेन माउंटेन को किया गया सील, पांच हाईवा जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

चारामा क्षेत्र से गुजरने वाली महानदी में रात 12 बजे रेत तस्कर सक्रिय हो जाते है और

- चारामा में रात 12 से 04 बजे रेत तस्कर हो गए सक्रिय, निकाल रहे है रेत




सुबह 04 बजे तक रेत निकालने के बाद चैन माउंटेन को खदान से निकालकर जंगल में खड़ी कर देते है। बीती रात को 9 बजे एसडीएम को खबर मिली कि टांहकापार में अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है। एसडीएम अपने दल के साथ पहुँचे। वाहन चालक और जेसीबी का आपरेटर वाहन को छोड़कर भाग गए। एसडीएम ने 03 हाईवा का जप्तीनामा ...

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग ने रात को अवैध उत्खनन व परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगा रखा है, इसके बावजूद कई तस्कर महानदी के अंदरूनी ईलाके में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन कर रहे है। महानदी के गांव के लोगों की मानें तो रेत तस्कर रात को 12 बजे चैन ...

... को खेल चल रहा है, वहीं पर उन्हीं लोगों का संरक्षण है, जो घूम घूमकर रेत खदान को बंद करवाने के लिए अफसरों के आगे पीछे घूमते रहते है। चारामा एसडीएम को 22 अप्रैल की बीती रात को लगभग 9 बजे के पास शिकायत मिली कि टांहकापार में अवैध उत्खनन हो रहा है ...

हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 24 व्ही 9799, सीजी 04 एमएम 4253, सीजी 08 एएन 7203 को जब्त किया।

इसके अलावा एक चैन माउंटेन चेचिस नंबर पीयूएजेडी 21 ईपी 3191054 को सील किया गया। एसडीएम ने बताया कि 21 अप्रैल को माहुद रेत खदान के पास हाईवा ...

**चैन माउंटेन को किया गया सील**

**ग्रामीणों में बना हुआ है आक्रोश**

**चैन माउंटेन के आपरेटर को भेजा जा चुका है जेल**

### जिम्मेदारों ने साधा मौन

एक दर्जन से अधिक चैन माउंटेन को सील करने वाले अधिकारियों एवं अन्य अमलों ने अभी मौन साध लिया है। रेत की अवैध खदान भिलाई में चलने की जानकारी जिम्मेदारों को दिया गया, परंतु अभी तक इस पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किया गया है। भिलाई में चल रही अवैध खदान को भी बंद कराने की माँग उठ रही है, परंतु राजनैतिक संरक्षण के चलते कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

# बदमाशों ने युवक पर किया जानलेवा हमला, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



रूपनगर पीव्ही 24 में रामकीर्तन सुनकर आईसक्रीम खाने पहुंचे युवक के साथ पीछे से कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। युवक को बचाने के लिए पहुंचे उसके साथी के साथ आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

- बचाने वाले पर बदमाशों ने किया वार
- पीड़ित की शिकायत पर अपराध दर्ज

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीवी 24 रूपनगर निवासी 31 वर्षीय उत्तम मिस्त्री पिता ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव के स्कूल में 26 और 27 अप्रैल को दो दिवसीय रामकीर्तन चल रहा था। मेरा भाई देवाशिष मिस्त्री ट्रेक्टर को अक्सर घर के बाहर खड़ा करके रखता है। 26 अप्रैल की रात को किसी अज्ञात लोगो के द्वारा भैया के ट्रेक्टर के चारो चक्का को धारदार हथियार से काट दिए।

चक्का काटने की बात को गांव वालो को बताया गया। मैं 27 अप्रैल को रामकीर्तन सुनने गया था और रामकीर्तन सुनकर रात को लगभग 10 बजे स्कूल मैदान के पास स्थित दुकान में आइसक्रीम खाने जा रहा था, उसी समय पीछे से मेरे सिर पर किसी नुकीली चीज से मारने से मैं पीछे पलट कर देखा कि ग्राम पीव्ही 37 के देवजीत बैरागी, सिद्धी बढाई व अन्य लोग थे। उन लोगो के गाली देते हुए जान से मार साले को बोल रहे थे। मेरे द्वारा चिल्लाने पर गांव का सुजन मण्डल बीच बचाव करने आया, तो उसके भी सिर पर किसी नुकीली चीज से हमला बोल दिया। उन लोगो के द्वारा मारने से मेरे सिर व सूजन मण्डल को भी सिर में चोट लगा और खून निकला है। लड़ाई झगड़ा को गांव के भूषण मण्डल, गोपाल बड़ोई देखे व बीच बचाव किए। युवकों ने किस कारण से मेरे साथ मारपीट किए, इसकी जानकारी मुझे नही है।

शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# भाभी ने देवर पर लगाया गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



पीव्ही 27 हदयपुर में देवर छोटी छोटी बात को लेकर देवर भाभी के साथ विवाद करता रहता है। देवर ने 27 अप्रैल को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने भाभी की शिकायत पर देवर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

- छोटी छोटी बात को लेकर देवर करता है विवाद : भाभी

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँची पीव्ही 27 हदयपुर की निवासी प्रिया राय ने पुलिस को बताया कि मैं गृहणी कार्य करती हूं और 27 अप्रैल की सुबह करीबन साढ़े 9 बजे घरेलू बात को लेकर मेरे देवर समीर राय गाली देते जान से मारने की धमकी देकर पास में पड़े पत्थर को उठाकर फेंककर मारा, पत्थर मेरे दाहिने हाथ कोहनी में लगा। मैं घर से निकल गई और मेरे पति सुजीत राय काम से बाहर होने से फोन से लड़ाई झगड़ा के बारे में बताई। रास्ते में गांव के छोटू राय मिला उसे भी घटना के बारे में बताया, तब मुझे छोटु राय थाना पखांजूर तक छोड़ दिया। मैने अपने मम्मी, पापा और मामा विश्वजीत मण्डल, ▸▸ शेष पेज 12 पर



# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को जनसहयोग ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की याद में 27 अप्रैल रविवार को पूर्व सैनिकों, जनसहयोग समाज सेवी संस्था और ट्रेनिंग कर रहे युवाओं के द्वारा भारत माता की मूर्ति के समक्ष श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को शहर के पूर्व सैनिकों एवं जन सहयोग समाज सेवी संस्था द्वारा सर्वप्रथम 2 मिनट का मौन धारण किया गया और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात मृतात्माओं की याद में एक रैली भी निकाली गई। जिसमें भारत माता की जय और पाकिस्तान एवं आतंकवाद के मुर्दाबाद के नारे लगातार चलते रहे। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कौशल सिन्हा, संरक्षक नूर अली, संगठन सचिव टीके जैन, ▸▸ शेष पेज 12 पर

# बाइक देने से मना करने पर दोस्तों ने युवक के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

पीव्ही और सोहगांव के मध्य पार्टी मना रहे चार दोस्तों में तीन लोगों ने एक साथी से थमसप की बाटल लाने के लिए मोटर सायकल की माँग किया, परंतु चौथे साथी ने मोटर सायकल देने से मना किया। मोटर सायकल देने से मना करने पर तीनों दोस्तों ने मिलकर चौथे दोस्त की जमकर पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

- पीड़ित की शिकायत पर 3 लोगों पर मामला दर्ज, पुलिस ने शुरू की पतासाजी




पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीवी 119 विश्रामपुर निवासी 19 वर्षीय संजू सिकदार ने पुलिस को बताया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं। मैं और मेरे दोस्त दिपांकर बैरागी पीव्ही 71, दिपांकर का भांजा रमेन और उसका भाई निवासी पीव्ही 42, चारो मिलकर ग्राम सोहगांव की ओर पार्टी मनाने गए थे। पीव्ही 55 और सोहगांव के मध्य कच्ची रास्ता किनारे समय करीबन सायं 5 बजे पार्टी मना रहे थे। पार्टी के दौरान थमसप बाटल गिर जाने से दूसरा थमसप बाटल लाने के लिए मुझे दिपांकर मोटर सायकल मांगने पर मैने अपना मोटर सायकल नहीं दूंगा बोलने से दिपांकर और उसके भांजा रमेन और उसका भाई तीनो मिलकर तू मोटर सायकल नहीं देता है बोलकर गाली देते हुए हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट किए। मैं अपने दोस्त राजू सरकार, विप्लव सरकार को बुलाया। मेरे दोस्त आए, तो उन लोग ने कहा कि तू अपना दोस्त लोगो को बुलाया है, उनके सामने भी तेरे को मारूंगा। तेरे ▸▸ शेष पेज 12 पर

## अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त के किए जाते हैं मांगलिक कार्य

# अक्षय तृतीया पर 100 साल बाद बन रहा गजकेसरी राजयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल बुधवार को मनाया जाएगा। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना गया है। तृतीया तिथि का प्रवेश 29 अप्रैल की रात 8 बजकर 12 मिनट से होगा और 30 अप्रैल को संध्या 6 बजे तक तृतीया तिथि प्रभावी रहेगी। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर एक दुर्लभ राजयोग का निर्माण हो रहा है, जो लगभग 100 वर्षों बाद बन रहा है। अक्षय तृतीया को गजकेसरी राजयोग, राजयोग, रवि योग, चतुग्रही योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि एवं शोभन योग और लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहे हैं। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सबसे शुभ तिथि माना जाता है और इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना पंचांग देखे और बिना मुहूर्त निकाले किया जा सकता है। हिंदू धर्म में कई पौराणिक मान्यताएं चली आ रही हैं, इसे युगादि तिथि भी माना जाता है। इस दिन ही त्रेता युग का आरंभ हुआ और भगवान परशुराम का अवतार भी इस दिन हुआ था। और भी कई शुभ पौराणिक घटनाएं इस दिन हुई थीं। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया को सुख-समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत के रूप में देखा जाता है। यह दिन मुख्य रूप से धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा को समर्पित है। अक्षय तृतीया मुख्य रूप से एक ऐसे दिन के रुप में जानी जाती है, जिसमें बिना किसी शुभ मुहूर्त के खरीदारी और मांगलिक कार्य किए जाते हैं। इस दिन सूर्य, मेष और चंद्रमा वृषभ राशि में रहेंगे। सर्वार्थसिद्धि योग, रोहिणी नक्षत्र, शोभन योग, चतुर्थी युक्त तृतीया और बुधवार का संयोग इसे विशेष बना रहा है। अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम, हयग्रीव के प्राकट्य दिवस, मां गंगा के अवतरण और सुदामा-कृष्ण मिलन की स्मृति में भी मनाया जाता है। बताया कि इस दिन गंगा स्नान और तीर्थ दर्शन से कई गुना पुण्य फल प्राप्त होता है।

- इसी दिन हुआ था भगवान परशुराम का अवतरण




# कोण्डा उमावि में 9वीं-11वीं के परिणामों की घोषणा



**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय उमावि कोण्डे के कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 11 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। 9 वीं में कुल 54 विद्यार्थीयों में 50 उपस्थित और 04 अनुपस्थितिक विद्यार्थियों में 41 उतीर्ण रहे एवं कुल 87 प्रतिशत रिजल्ट रहा, जिसमें पहला स्थान मिताली गोटा, दूसरा तामेश्वर जैन, तीसरा मीनाक्षी पुड़ो, चौथा रंजीत कुमार यादव एवं पांचवा सीमा वड्डे रही। ग्यारहवीं में 50 विद्यार्थियों में 47 उपस्थित एवं 03 अनुपस्थित रहे, 44 उत्तीर्णे रहे और 88 प्रतिशत रिजल्ट रहा। 11 वीं में पहला स्थान नीतीश कुमार साहू 91.6 प्रतिशत ▸▸ शेष पेज 12 पर

- प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों दिया गया पुरस्कार

## खबर संक्षेप



### वक्ताओं ने विस्तार से बताए बाबा साहेब के जीवन आदर्श व उनके संघर्ष

**कोण्डागांव।** भाजपा कोंडागांव के तत्वावधान में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में फॉरेस्ट ऑक्शन हॉल, कोंडागांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जो अधिकार हमें प्राप्त हैं, उनमें डॉ. अंबेडकर जी का अप्रतिम योगदान है। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। सभा की अध्यक्षता एवं संचालन वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन आदर्शों, उनके संघर्षों और संविधान में उनके योगदान की महत्ता को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपेश अरोरा,सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, नन्द लाल राठौर, नरपति पटेल, यशोदा कश्यप, रामदाई नाग, अनीता कोर्राम, दयाराम पटेल, कुलवंत चहल, रामेश्वरी पोयाम, सुषमा खोपरागडे, हितेंद्र झा, सोनमणि पोयाम, धन्जू मरकाम, असलम खान, सखाकोर्राम सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने डॉ. अंबेडकर के सपनों के भारत के निर्माण के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# महिला एवं बाल विकास विभाग में अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव/फरसगांव

महिला एवं बाल विकास विभाग में कथित अनियमितताओं के विरोध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने सोमवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से मुलाकात कर शिकायत सौंपी। मुलाकात के दौरान जिला के लगभग सभी प्रमुख मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं मीडिया प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे और सचिव शैलेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर कोण्डागांव की प्रशासक स्वीटी दास के खिलाफ लगातार गंभीर शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि एक मामले में प्रशासक ने एक नाबालिग गर्भवती बालिका को संरक्षण देने, न्याय के लिए कार्रवाई करने के बजाय आरोपी के साथ आरोपी के घर भेज दिया, अब नाबालिग बालिका एक बच्चे की मां बन चुकी है। वहीं एक अन्य हालिया प्रकरण में पति-पत्नी के विवाद में नियमों को दरकिनार कर किसी अन्य महिला को सेंटर में बुलाकर प्रताड़ित किया गया और करीब डेढ़ घंटे तक कमरे में बंद रखा गया।

## कार्रवाई नहीं होने पर मीडिया प्रतिनिधियों ने आंदोलन की दी चेतावनी



### विभागीय अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की

*इन्हीं घटनाओं को लेकर कुछ मीडिया प्रतिनिधि जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अवनी विस्वाल से प्रतिक्रिया लेने पहुंचे थे, लेकिन आरोप है कि अधिकारी ने प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया। मीडिया प्रतिनिधियों का कहना है कि, सवाल है कि जिला अधिकारी क्या सच में विभाग के कामकाज से अनजान हैं? अब तक शिकायतों पर कोई स्पष्ट कार्रवाई क्यों नहीं हुई हैं? कहीं विभागीय कर्मचारियों को जिला अधिकारी का संरक्षण तो नहीं मिल रहा? मीडिया प्रतिनिधियों ने इन सभी घटनाओं से आक्रोशित होकर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को सामूहिक ज्ञापन सौंपा और विभागीय अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।*

## दबिश : सूचना मिलने के बाद एसपी ने तत्काल भेजी टीम

# पुलिस की कार्रवाई: करमरी में जुआ खेलने वाले गिरफ्तार

**जुआरियों की घेराबंदी कर जंगल में पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा



पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम करमरी जंगल में कुछ लोग पैसे दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तुरंत एक टीम को निर्देश जारी कर मामले की तस्दीक करने भेज दिया। पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआरियों पर धावा बोल दिया। पुलिस पार्टी को देख आरोपी जंगल की ओर भाग निकले। लेकिन पुलिस मौके पर से जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को गिरफ्तार करने में कामयाब रही।

कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेन्द्रदेव पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक (साईबर सेल) सतीश भार्गव के नेतृत्व में उक्त सूचना की तस्दीकी हेतु थाना धनोरा तथा सायबर सेल कोण्डागांव टीम गठीत कर मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी गई। जुआ खेलते कुछ जुआरी पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भाग गये मौके पर ताश के 52 पत्ते से रूपये पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेलते 08 जुआरियों को पकड़ा गया। जिनके पास व फड़ से जुमला रकम 10,440 रूपये, 52 पत्ती ताश, एक नग त्रिपाल 06 नग मोटर सायकल को जप्त किया गया। जुआरियों का नाम (1) सुर्यकांत नागे पिता चन्दन सिंह नागे उम्र 37 वर्ष जाति गोंड़ निवासी धनोरा कालोनीपारा, (2) मनोज गुप्ता पिता रामलखन गुप्ता उम्र 40 वर्ष जाति भुंजवा निवासी धनोरा, (3) करन नाग पिता रामकुमार नाग उम्र 22 वर्ष जाति गाण्डा निवासी धनोरा मण्डलीपारा, (4) विपिन सेठिया पिता बुधराम सेठिया उम्र 32 वर्ष जाति कलार निवासी धनोरा, (5) नकलेश कुमार कचलाम पिता चैनसिंह कचलाम उम्र 34 वर्ष जाति गोंड़ निवासी सुकबेड़ा, (6) उमेश कुमार नाग पिता मंगलराम नाग उम्र 26 वर्ष जाति गोंड़ निवासी कोनगुड़ नयापारा, (7) दीपक जैन पिता मनीराम जैन उम्र 30 वर्ष जाति कलार निवासी कोनगुड़ मांझीपारा, (8) धमेन्द्र अतकारी पिता सुरेश अतकारी उम्र 35 वर्ष जाति कलार निवासी धनोरा बाजारपारा।

सम्पूर्ण कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक (साईबर सेल) श्री सतीश भार्गव, निरीक्षक राजकुमार सोरी थाना प्रभारी धनोरा, सउनि रजऊराम सुर्यवंशी, प्रधान आरक्षक विजय पारेश्वर, आरक्षक बन्नूराम सोरी, महाराम चिरेन्द्र, शैलेश ठाकुर, हृदय कुमार बघेल, धनसिंह नेताम, गोपनीय सैनिक राजेश नाग, मनोहर दिवान तथा सायबर सेल टीम सउनि दिनेश डहरिया, प्रधान आरक्षक अजय बघेल, रितुराज, आरक्षक परमेश्वर साहू, अजय देवांगन, संतोष कोड़ोपी, बिरजू सोरी का कार्य सराहनीय रहा।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव पुलिस ने एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामला थाना कोंडागांव क्षेत्र का है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता ने आरोपी पीलाम्बर प्रसाद तिवारी पिता मुनाराम तिवारी, उम्र 22 वर्ष, निवासी करमरी, थाना माकड़ी, जिला कोंडागांव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को प्रेम और शादी का झांसा देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की शिकायत पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 147,2025 धारा 64(2)(ढ), 64(2)(ट), 351(3) भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर पूछताछ की, जहां उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी पीलाम्बर प्रसाद तिवारी को 26 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

- आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक रिमांड में भेजा जेल

### टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक शांति यादव, सहायक उप निरीक्षक दिनेश पटेल, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम एवं थाना कोंडागांव टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

**पुलिस की सक्रियता, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे पर की गई चर्चा**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव में आज एक उच्च स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारीगण ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जिले में लंबित अपराध प्रकरणों के त्वरित निपटारे एवं पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना था।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने गंभीर एवं पुराने लंबित अपराध प्रकरणों की केस डायरी का गहन अवलोकन किया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राथमिकता के आधार पर विवेचना पूर्ण कर शीघ्र चालान प्रस्तुत करें। पुराने मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष जांच दल गठित करने के भी निर्देश दिए गए। लंबित वारंट और समंस की शत–प्रतिशत तामिली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए गए। वारंटियों की गिरफ्तारी एवं न्यायालयीन आदेशों की त्वरित पूर्ति के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### विजिबल पुलिसिंग एवं संध्या पेट्रोलिंग अनिवार्य

थाना क्षेत्रें में नियमित संध्या पेट्रोलिंग को अनिवार्य बनाते हुए, भीड़भाड़ वाले स्थानों, स्कूलों, बाजारों और एटीएम के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को सु–ढ़ करने के निर्देश जारी किए गए। असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखने के लिए भी दिशा–निर्देश दिए गए। साइबर अपराध, बैंक धोखाधड़ी और एटीएम फ्रॉड से आम जनता को बचाने हेतु थाना स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर अभियान और कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। साथ ही प्रत्येक थाने में एक साइबर सहायक अधिकारी नामित करने के आदेश जारी किए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन रूपेश कुमार डाण्डे समेत जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई और फरियादियों की संतुष्टि को मिले प्राथमिकता

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि थानों में आने वाले फरियादियों के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार किया जाए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में चलित थाना मोबाइल थाना के माध्यम से छोटे–मोटे विवादों एवं समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया गया।

# शिवराज कोंडागांव के जिला संयोजक निर्मल बने कार्यकारी संयोजक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के मार्गदर्शन में आज कोंडागांव जिले के संगठनात्मक ढांचे में अहम बदलाव किए गए। नीलकंठ शार्दूल के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के पश्चात खाली हुए जिला संयोजक पद पर सर्वसम्मति से शिवराज सिंह ठाकुर को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं तेजतर्रार कर्मचारी नेता निर्मल कुमार शार्दूल को कार्यकारी जिला संयोजक चुना गया।

इस चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रांतीय निकाय द्वारा केदार जैन सह संयोजक, कैलाश चौहान संभाग प्रभारी और गजेंद्र श्रीवास्तव संभाग अध्यक्ष को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। विदित हो कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में 100 से अधिक संगठन शामिल हैं। चुनाव के दौरान केदार जैन ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए तन, मन और धन से समर्पण करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक पद कांटों भरी राह है। जिसे धैर्य और समर्पण से पार करना होता है।

नव नियुक्त जिला संयोजक शिवराज सिंह ठाकुर ने भी इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा जताई और फेडरेशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने नए संयोजकों का स्वागत और अभिनंदन किया।

# राजनीतिक स्थिरता व विकास कार्यों को गति दे सकती है एक देश, एक चुनाव की अवधारणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




जिले के स्थानीय फॉरेस्ट ऑक्शन हाल के सभागार में आज जनप्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय एक देश, एक चुनाव रहा, जिस पर जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने गंभीर विमर्श किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सुश्री लता उसेंडी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने और विकास कार्यों को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन सकती है। बार–बार होने वाले चुनावों से समय और धन दोनों की हानि होती है। एक साथ चुनाव से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और जनप्रतिनिधि विकास कार्योंं पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इसमें मुख्य रूप से सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, नन्द लाल राठौर, नरपति पटेल, यशोदा कश्यप, रामदाई नाग, अनीता कोर्राम,दयाराम पटेल कुलवंत चहल, रामेश्वरी पोयाम, सुषमा खोपरागडे, हितेंद्र झा, सोनमणि पोयाम, धन्जू मरकाम, असलम खान, सखा कोर्राम आदि उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र को प्रभावी बनाने एक देश, एक चुनाव अत्यंत आवश्यक

दीपेश अरोरा ने अपने वक्तव्य में कहा – लोकतंत्र को प्रभावी और सशक्त बनाने के लिए एक देश, एक चुनाव अत्यंत आवश्यक है। इससे चुनावी खर्चों में भारी कमी आएगी और जनप्रतिनिधियों को जनता के लिए काम करने का अधिक समय मिलेगा। सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने एक देश, एक चुनाव के विचार का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर संवाद बनाए रखने का संकल्प लिया।

# विधायक ने शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम पंचायत मिचनार मगर पखना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधायक विनायक गोयल ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राजस्थान से पधारे पूज्य आचार्य विनायक शर्मा का विधायक गोयल ने साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। धर्मसभा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उन्होंने आचार्य के अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण किया और कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भावना का संचार होता है। विधायक ने यह भी कहा कि क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी हमारी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रह सकें।

## बाइक चोर व खरीदने वाला भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर

# पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोण्डागांव पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी करने वाले और चोरी का वाहन खरीदने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटर सायकल भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

- पुलिस कर रही है गिरोह के अन्य बाशिंदों की तलाश

मामले का खुलासा उस समय हुआ जब प्रार्थी असीम शाह ने 25 अप्रैल को थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 एन 4954 दुकान के सामने से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 148.2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई।

### टीम का विशेष योगदान

इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक चिंताराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक नरेंद्र देहरी एवं थाना कोण्डागांव टीम का विशेष योगदान रहा।

### बेचने की फिराक में थे चोरी की बाइक

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मनोज विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि चोरी की गई मोटर सायकल को उमरकोट निवासी राजू परमानिक को बेचा गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उमरकोट जाकर राजू परमानिक से पूछताछ की, जिसने चोरी का वाहन खरीदने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी मनोज विश्वकर्मा पिता श्यामलाल, उम्र 30 वर्ष, निवासी नहरपारा, थाना कोण्डागांव एवं राजू परमानिक पिता गोपाल, उम्र 42 वर्ष, निवासी उमरकोट, जिला नवरंगपुर, उड़ीसा को विधिवत गिरफ्तार कर 27 अप्रैल 2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

## पेज 11 के शेष

### भाभी ने देवर...

महानंद वैध को भी फोन से घटना के बारे में जानकारी दिया। मेरा देवर समीर राय आए दिन छोटी छोटी बातों को लेकर वाद विवाद करता रहता है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएसन के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पहलगाम आतंकी...

सचिव सोमेश यादव, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जैन, एलके पटेल आदि उपस्थित रहे। जन सहयोग समाजसेवी संगठन की ओर से अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, वरिष्ठ कार्यकर्ता करण नेताम, चेतन यादव, लोकेश सिंह, गौरव राव ठाकुर, बल्लूराम यादव, डॉ श्याम देव आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### बाइक देने से...

दोस्त लोग क्या करेंगे कहकर उनके सामने भी मुझे गाली देते हुए मारपीट किए। मेरे दोस्त लोग बीच बचाव किए। मारपीट से मेरे सिर, नाक, बांये हाथ, पीठ में चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएसन के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोण्डा उमावि में...

एवं दूसरे स्थान में महेश्वरी पुड़ो 91.4 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर सरपंच प्रेम पुड़ो, वार्ड पंचो, विद्यालय के समस्त स्टाप ने पालकगणों की उपस्थित में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिया गया।

## खबर संक्षेप

### हेल्थ केयर के स्टूडेंट्स ने सिखाए इलाज के गुर



**बकावंड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकावंड के हेल्थ केयर के 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकावंड में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर पाठयक्रम में अध्ययनरत 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में 10 दिवसीय इंटर्नशिप आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के अंतर्गत हेल्थ केयर के विद्यार्थियों को हॉस्पिटल से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण जैसे ब्लड प्रेशर टेम्प्रेचर मापना, प्लस रेट जांचना, श्वसन परखना, ब्लड सैंपल लेना, ओपीडी पर्ची बनाना, इंजेक्शन के प्रकार एवम डिग्री इत्यादि लेना सिखाया गया। यह 10 दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक छात्रों द्वारा पूर्ण किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल स्टाफ एवं विद्यायल के व्यावसायिक प्रशिक्षक अक्षय बंजारे उपस्थित थे।

### वार्षिक परीक्षा में अव्वल बच्चों को किया पुरस्कृत



**भानपुरी।** विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला सिवनी संकुल केंद्र सिवनी में संकुल स्तरीय शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के उद्घाटन मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना सें हुई। शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ बच्चों को संस्कृति का ज्ञान देना है। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन हेतु प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना, बच्चों के खोजी प्रवृति का विकास करना, पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन के पहल से शाला संग्रहालय का शुभारंभ बस्तर विकासखंड के शालाओं में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र सिवनी में शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के साथ साथ वार्षिक परीक्षा में कक्षा 1 से 8 तक के उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया । इस कार्यक्रम में सरपंच प्रमिला बघेल, जनपद सदस्य रुक्मिणी कश्यप संकुल प्राचार्य जितेंद्र कुमार बघेल, संकुल समन्वयक गौतम सिंह रात्रे, नाथूलाल वैष्णव, सोमारू राम बघेल, सोनसाय भारती,दीपक कुंजाम, प्रेम सिंह ठाकुर, गजेंद्र बघेल, मनीष देव, मतियस एक्का, बैजयंती मौर्य और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन से सुरेंद्र विश्वकर्मा व संकुल के शिक्षक व समुदाय के गणमान्य शामिल हुए ।

## निधन

### मोहनलाल अग्रवाल



**जगदलपुर।** शहर के बोधघाट कॉलोनी निवासी मोहनलाल अग्रवाल का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे। वे बीते कुछ दिनों से बीमार थे। वे पंकज व सौरभ अग्रवाल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### सांसद और विधायक को ज्ञापन सौंप अंडरब्रिज बनाने की मांग

# आंवराभाटा रेलवे फाटक पर अंडरपास ब्रिज बनाने के लिए सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

शहर के व्यापारियों और रहवासियों में ओवरब्रिज को लेकर भय और तनाव का वातावरण बना हुआ है। प्रभावितों द्वारा सांसद महेश कश्यप एवं विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौंप राष्ट्रीय राजमार्ग को गीदम से बंगाबाड़ी बायपास में स्थानांतरित करने एवं आवाराभाटा रेलवे फाटक के पास अंडरब्रिज बनाने की मांग की गई है।

- **व्यापारियों और रहवासियों में भय व्याप्त**

ज्ञापन में प्रभावितों ने चिंता जताई है कि ओवरब्रिज का जो मानक है उसके जद में मुख्य मार्ग की सारी दुकानें एवं मकान आ रहे हैं। अगर तोड़ फोड़ हुआ तो आवराभाटा का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। दुकानदारों के सामने रोजी रोटी की संकट खड़ी हो जाएगी। दूसरी ओर सरकार को कम से कम 50 करोड़ का मुआवजा देना पड़ेगा। साथ ही नगर पालिका द्वारा पिछले कुछ महीने से लगभग 40 लाख के लागत से कराए जा रहे नाली और फुटपाथ निर्माण जो अभी भी चल रहा है का औचित्य नहीं रह जाएगा। निजी मकान एवं दुकान के अलावा संयुक्त कलेक्टर कार्यालय का मुख्य द्वार, बाउंड्रीवाल, नव निर्मित शौचालय, नगर पालिका की कम से कम 50 से ज्यादा दुकानें, लंदन के घरों के डिजाइन में बना जैविक कैफे, माता दंतेश्वरी की डोली का विश्राम स्थल, डीएफओ बंगला, एसपी ऑफिस का बाउंड्रीवाल भी प्रभावित होगा।



### पदयात्रियों को होगी परेशानी

विशेषकर शारदीय नवरात्र में लाखों पदयात्री माता दंतेश्वरी के दरबार में दर्शन के लिए आते हैं जिन्हें हेवी ट्रैफिक के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मंदिर पुजारी विजेंद्र नाथ जिया का कहना है कि माता दंतेश्वरी की डोली जगदलपुर दंतेवाड़ा पहुंचने के बाद माई जी आवाराभाटा में रात्रि विश्राम करती हैं। इसके लिए डोली को पहले ओवरब्रिज से सर्किट हाउस के पास उतरकर रिवर्स जाना पड़ेगा, जो उचित नहीं होगा। इन सारी समस्याओं के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग को गीदम से बंगाबाड़ी बायपास पर स्थानांतरित करने एवं आवाराभाटा रेलवे फाटक के पास अंडरब्रिज बनाने की मांग की गई है। लोगों ने ये भी तर्क दिया है कि जब अभनपुर,धमतरी, कांकेर जैसे बड़े शहरों में राष्ट्रीय राजमार्ग को बायपास में डायवर्ट किया गया है तो दंतेवाड़ा में क्यों नहीं।

### एनएच के अधिकारियों से करेंगे बात

बस्तर संसद महेश कश्यप ने सभी प्रभावितों को आश्वस्त किया है कि वे एनएच के बड़े अधिकारियों से बात करेंगे। जरूरत पड़ी तो केंद्रीय परिवहन मंत्री से भी चर्चा करेंगे। जनहित में कुछ न कुछ समाधान जरूर निकाला जाएगा।

### कलेक्टर से मुलाकात कर कोई हल निकालेंगे

दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा बहुत जल्द दंतेवाड़ा कलेक्टर से चर्चा कर मसले का हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा के व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ बैठक कर चर्चा के बाद शहर का फाइनल मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। ताकि बार-बार शहर में तोड़ फोड़ का वातावरण निर्मित न हो पाए। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्द लाल मुडामी नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, मनीष सुराना, पार्षद मनीष भट्टाचार्य, पार्षद पंकज शर्मा, जनपद सदस्य कुणाल ठाकुर, व्यापारी संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष मनोज सुराना, मन्नू वर्गीस सहित भारी संख्या में व्यापारी एवं आवाराभाटा निवासी उपस्थित रहे।

# किरंदुल में अष्ट प्रहर हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंगीय समाज द्वारा पहला बाईसाख, बंग समाज के नया साल के उपलक्ष में तीन दिवसीय अष्ट प्रहर हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यहां अष्ट प्रहर हरिनाम संकीर्तन का बहुत बड़ा आयोजन बंग सोशल एंड कल्चर संगठन, बंगीय समाज द्वारा बंगाली कैंप दुर्गा मंदिर प्रांगण किरंदुल में किया जाता है। महीनों पहले से इस कार्यकम की तैयारियों में समाज के सदस्य लग जाते हैं। दूसरे राज्यों से कीर्तनीय दलों को बुलाया जाता है इस वर्ष 28 अप्रैल को गंगा बरन शाम 5 से 6 बजे तक जिसमें पुरुष, महिलाएं सिर में कलश लेकर बाजे-गाजे के साथ हरिनाम कीर्तन गाते हुए तालाब जा कर वहां से पानी लेकर आती है और जिसे पूजा के कलश में स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता है। शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक अधिवास कीर्तन में ठाकुर के प्रति आस्था जताते हुए उनसे निवेदन कर पूजा में आने का निमंत्रण दिया जाता है। तत्पश्चात सभी भक्तों को रात्रि प्रसाद वितरण किया गया। 29 अप्रैल को नाम संकीर्तन प्रातः 6 बजे से अष्ट पहर हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का प्रारंभ अष्ट प्रहर कीर्तन में लगातार हरे कृष्ण हरे राम की धुन एवं संगीत बिना रुके गाते रहेंगे। इससे पूरे वातावरण हरे कृष्ण मय हो जाता है। बुधवार प्रातः 6 बजे कृतन समाप्त एवं बुधवार नगर कृतन सुबह 6 से 8 बजे तक भोग आरती दोपहर 12 बजे जिसमें ठाकुर कृष्ण को भोग लगा कर उन से निवेदन किया जाता है एवं महा प्रसाद वितरण दोपहर 1 बजे रात्रि 7 बजे पदावली कीर्तन। कीर्तन मंडली,भाई संप्रदाय कोलकाता, पागोल विजय संप्रदाय कोलकाता, श्रीश्री गीता संप्रदाय नदिया बेस्ट बंगाल, गौर संप्रदाय जम्बो परादीप उड़ीसा से मंगाया गया है। इसमें विशेष रूप से कोलकाता एवं उड़ीसा के दल का नृत्य एवं संगीत आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# मुस्लिम समाज ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

बचेली मुस्लिम समाज ने पहलगाम में किए गए घृणित कृत्य करने के लिए जिम्मेदार पाकिस्तानी आतंकवाद के विरुद्ध जुलूस निकाल कर और जमकर भर्त्सना किया। लौह नगरी बचेली के अहले सुन्नत वल जमात जामा मस्जिद के तत्वाधान में सदर बाहुउद्दीन अहमद सेक्रेटरी फखरे आलम, मो मुस्ताक के नेतृत्व में आज पाकिस्तान आतंकवाद के विरुद्ध एक जन आक्रोश रैली जामा मस्जिद बचेली से निकाल कर मार्केट होते हुए घड़ी चौक तक पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारा गुंजायमान किया गया।

पाकिस्तान की नापाक हरकत को अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और भारत सरकार से अपील किया की पाकिस्तान खिलाफ अब आरपार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है।

पहलगाम की घटना ने इंसानियत को शर्मसार किया और बेकसूर और निर्दोष लोगों की हत्या किया जो माफी योग्य नहीं है। बचेली मुस्लिम समाज ने भारत सरकार से अपील किया है कि पाकिस्तान को उसकी इस हरकत का मुंह तोड़ जवाब दे और भारत की एकता और अखंडता को तोड़ने का जो प्रयास पाकिस्तानी आतंकवाद करने का कोशिश कर रहा है और धर्म के नाम का उपयोग करके इंसानियत को कलंकित किया है।




भारतीय एकता को आपसी लड़ाई में उलझाना उससे हमें बचना है और दुश्मनों को नेस्तानाबूद कर देना है। पहलगाम की घटना में निर्दोष नागरिकों को केंडल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और मौन धारण कर दुआएं मांगी। इस रैली में खजांची मो मुस्ताक जब्बार उस्मानी, अब्दुल नवाब पूर्व पार्षद, फिरोज नवाब, पूर्व उपाध्यक्ष उस्मान खान, नफीज कुरैशी, अरशद कुरैशी ताज दीवान, मो कौसर, मेहरुद्दीन, हैदर, अब्दुल कादिर, फिरोज खान, मो शमीम, दिलशाद, शमशुद्दीन सलमान नवाब, अफाक आलम, मो अरमान, मौज्जन अलीमउद्दीन, मो शब्बीर, अब्दुल्ला, अफरोज आलम, अफरोज सिद्दीकी, निसार आलम और अन्य लोग शामिल हुए।

### महापौर ने वार्ड निरीक्षण के दौरान लोगों की मांग को किया पूरा



**जगदलपुर।** शहर के महाराणा प्रताप वार्ड में महापौर संजय पाण्डे ने पार्षद व एमआईसी सदस्यों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने महापौर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। सड़क, पानी बिजली जैसी समस्याओं का त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश महापौर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही पानी की समस्या के लिए पाइपलाइन विस्तार के लिए विभागों को निर्देशित भी किया। आवागमन में सुविधा हो इसके लिए यहां के लोगों ने सीसी सड़क की मांग की। महापौर ने सभी समस्याओं को सुनकर सभी के समाधान के लिए जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन वार्डवासियों को दिया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षद नेहा ध्रुव, लक्ष्मी कश्यप, वार्ड वासी सहित निगम अमला मौजूद रहा।

# एनएच 30 के गड्ढे बन रहे अनायास दुर्घटना के कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

केशलूर से तोगपाल तक लगभग 50 किलोमीटर एनएच 30 पर मरम्मत के अभाव में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है, जो आये दिन राहगीरों के लिए दुर्घटना के सबब बन रहें है। तेज रफ्तार वाहन चालकों को इन गड्ढों का समय रहते पहचान करना मुश्किल रहता है जिसके चलते गड्ढो में उतरते ही वाहन अनियंत्रित हो जाता है और बड़ी दुर्घटना हो जाती है।

अभी हाल ही में सुलियागुड़ा निवासी शादी कार्ड बाटने जाने वाला युवक नेगानार चौक के पास बने गड्ढे के चपेट में आ गया, उसकी दुपहिया वाहन हवा में गोता लगाता हुआ वाहन चालक के ऊपर ही गिर गया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हुआ। खून से लतपत वाहन चालक को बेहोशी के हालत में दरभा पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। इसी तरह इसी दुर्घटना जन्य क्षेत्र में गत सोमवार को इन्ही गड्ढो के चलते चीड़पाल निवासी दो छात्राओ और पर्यटकों के दुपहिया वाहनों के बीच टक्कर हो गई जिससे छात्राएं बुरी तरह से घायल हो गई जिन्हे स्थानीय लोंगो की मदद से प्राथमिक चिकित्सा केंद्र नेगानार में उपचार हेतु भर्ती करवाया गया है। इस सड़क में नजाने इस तरह की कितने दुर्घटनाये हो रहीं है, जो कई बार खबर से बहार रहती है। चुंकि इसलिए मार्ग के दायरे में तीरथगढ़, कुटुमसर, बम्बू रापटिंग जैसे पर्यटन स्थल मौजूद है। जिसके चलते इस मार्ग से प्रतिदिन कई सैलानी और वीआईपी गुजरते है साथ ही यह मार्ग राजनेताओं के आवागमन का भी महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके बावजूद इसका यह हालत चिंताजनक है। जो कई लोंगो के अकाल मृत्यु का कारण बन रहा है। लोंगो ने इस समाचार पत्र के माध्यम से मार्मिक अपील की है कि इस महत्वपूर्ण सड़क के मरम्मत को प्राथमिकता से पूरी कर लोंगो को दुर्घटना के शिकार होने से बचाया जाये।





# कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भोंड

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। विद्यालय के प्राचार्य एआर नोन्हारे ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को बधाई दी। कक्षा छठवीं एवं सातवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमें सभी छात्राओं ने सफलता हासिल की। कक्षा नवमीं में कुल 75 प्रतिशत छात्राएँ उत्तीर्ण हुईं। इस कक्षा में कुमारी सारी सुरेखा मांझी ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी ज्योति मरकाम ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कुमारी संजू मरकाम ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। इस वर्ग में कुमारी चांदनी कुमेटी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कुमारी भूमिका नेताम ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कुमारी रागनी वटी ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं कृषि संकाय में परीक्षा परिणाम 85.71 प्रतिशत रहा। इसमें कुमारी ओमिता मरकाम ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. कुमकुम ठाकुर ने 74 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा कुमारी नीलबत्ती भारद्वाज ने भी 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य एआर नोन्हारे ने समस्त सफल छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही अनुत्तीर्ण एवं पूरक विद्यार्थियों को निराश न होकर अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई करने तथा समय का सदुपयोग कर भविष्य संवारने की प्रेरणा दी। विद्यालय स्टाफ ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### किसानों को बी-1 एवं किसान किताब का वितरण

**सुकमा।** जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों द्वारा किए गए आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ उन्हें बी-1 तथा किसान किताब का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के कुशल निर्देशन तथा मार्गदर्शन में यह कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हो किया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान किसानों और नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति के आवेदन निराकरण में विलंब न हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता को सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करना है।

# जघन्य कृत्य करने वाले आतंकवादियों को मोदी के नेतृत्व में दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब : पारख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मन की बात कार्यक्रम में दंतेवाड़ा का जिक्र गौरवशाली क्षण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 121वें संस्करण के माध्यम से देश को संबोधित किया। मन की बात श्रवण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए क्षेत्र के युवा नेता

- **मन की बात कार्यक्रम में दंतेवाड़ा का जिक्र गौरवशाली क्षण**

मनीष पारख एवं कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने इंदिरा वार्ड के पदाधिकारियों एवं कार्यकताअरं व स्थानीय जनों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी मन की बात को सुना।

सभी सदस्यों ने जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मनीष पारख ने उपस्थित जनों से कहा कि,



प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह हमें राष्ट्रहित, राष्ट्र सुरक्षा के कार्यो में अधिक सक्रियता से भाग लेने की दिशा में भी मार्गदर्शन प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ हाल ही में उठाए गए निर्णायक फैसलें का समर्थन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के फैसले केवल औपचारिकता नहीं बल्कि मानवता के दुश्मन आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान को एक सख्त चेतावनी है, अब भारत चुप नहीं बैठेगा। ऐसे हमलों को भारत और सहन नहीं कर सकता। पूरे देश मे हर किसी की जुबां पर एक ही बात है अब सरकार को पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। ताकि, पाकिस्तान फिर अपनी गंदी निगाहें भारत की तरफ न उठा सके और देश की जनता को भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। इस जघन्य कृत्य को करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें उनके अंजाम तक पहुँचाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के साथ इस आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में देश की जनता भी उनके साथ एकजुट है।

उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा दंतेवाड़ा के साइंस सेंटर का जिक्र करने पर इसे बस्तरवासियों के लिए गौरवशाली क्षण बताया और कहा कि कुछ समय पूर्व तक यही दंतेवाड़ा घोर नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता था लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार में बस्तर ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है उससे आने वाले समय मे दंतेवाड़ा का यह साइंस सेंटर विश्वपटल पर भी अपनी एक अलग छाप छोड़ने में कामयाब होगा एवं नक्सल क्षेत्र के बच्चों के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

# सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बस्तर अंचल की स्थानीय आवश्यकता के मद्देनजर यहां पर कनेक्टिविटी विस्तार के लिए सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित कर अनुबंध के अनुसार नियत समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही महत्वपूर्ण भवन निर्माण कार्यों को वरीयता देकर तेजी के साथ संचालित कर शीघ्र पूर्ण करें। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में ज्यादा ध्यान केंद्रीत करें और भारत माला प्रोजेक्ट सड़क को जोड़ने वाली सड़कों सहित 10 वर्ष से अधिक पुराने राज्य मार्गों के नवीनीकरण कार्य को प्राथमिकता देकर पूर्ण करने पर फोकस करें। वर्किंग सीजन में निर्माण कार्यों में अद्यतन प्रगति लाने के लिए टीम भावना के साथ काम कर आशाजनक रिजल्ट हासिल करें। सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह सोमवार को स्थानीय कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार में बस्तर राजस्व संभाग अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के पहले पूर्ण होने वाले पुल-पुलिया के लिए एप्रोच मार्ग अनिवार्य रूप से बनाए जाने की आवश्यकता निरूपित करते हुए कहा कि इन पुल-पुलिया में एप्रोच मार्ग निर्मित होने से आम जनता को आवाजाही में मदद मिलेगी। डॉ. सिंह ने विभाग में संचालित सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण कार्यों की कार्यवार प्रगति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि हरेक निर्माण कार्य की कार्यादेश के साथ ही सम्बन्धित निर्माण कार्य को योजनाबद्ध ढंग से नियमित तौर पर संचालित करने हेतु पर्याप्त निर्माण सामग्री,मशीनरी, उपकरण और श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप कार्य को पूर्ण करें।



## खबर संक्षेप



### पहलगाम के दिवगंतों को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** गुंजन संगीत समूह ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए 26 दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन धारण किया गया। समूह की अध्यक्ष डॉ सुषमा झा के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण आंतकवाद के द्वारा नरसंहार की घटना की कड़ी निंदा की। श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित कलाकारों ने शांत वातावरण में अपने भजन गाए। इस दौरान रत्न व्यास, डॉ मोहनिया,आदित्य मोघे, जितेन्द्र दास, शांति देवांगन, संजीव शील, संगीता शील, विजय सारथी, अरुणा आचार्य उपस्थत रहे। संचालन संजय देवांगन ने किया।

### साप्ताहिक बाजार में लगा स्वास्थ्य शिविर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार दूरस्थ क्षेत्र जगरगुंडा के साप्ताहिक हाट बाजार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें विशेषज्ञ डॉ. अनमय जनरल सर्जन, डॉ. विवेक बाल रोग विशेषज्ञ और डॉ. अखिलेश जो जिला अस्पताल में पदस्थ हैं ने मरीजों का स्वास्थ्य जाँच कर इलाज किया। शिविर में लगभग 55 ग्रामीण स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे थे।

### कांग्रेस की पदयात्रा में नहीं जुटे स्थानीय लोग : कश्यप

**जगदलपुर।** इंद्रावती समस्या को लेकर संघर्ष समिति को समर्थन देते हुए कांग्रेस ने आज चित्रकोट से पदयात्रा शुरू की जो पूरी तरह फेल रही क्योंकि स्थानीय लोग नजर नहीं आए, जो थोड़े बहुत दिखाई पड़े वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के समर्थक थे जो मजबूरी में आए थे। अधिकांश लोग पदयात्रा में बाहरी थे। जिला पंचायत सदस्य चंद्र भान कश्यप ने पदयात्रा को लेकर यह बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गृह क्षेत्र में इतनी कम लोगो को देखकर यह कहा जा सकता है कि अब जनता का कांग्रेस से पूरी तरह मोह भंग हो गया है। विधायक सांसद रहे पर वे लगातार चुनाव हार रहे है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस पिट गई ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष को अपने गृह क्षेत्र में ही पदयात्रा में जनता ने दूरी बनाई।

## समस्या : यहंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार

# लो वोल्टेज और कटौती के खिलाफ तीन गांवों के लोगों ने बिजली दफ्तर का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कार्यपालन अभियंता ने ग्रामीणों को दिया समस्या का जल्द निराकरण होने का आश्वासन
- जल्द समाधान न होने की स्थिति में ग्रामीणों ने दी धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी



बिजली कटौती तथा लो वोल्टेज से परेशान तीन गांव के ग्रामीण विद्युत कार्यालय घेराव करने कांकेर पहुंचे। घेराव करने वालों में पुरूषों के साथ महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल थे। ग्राम मुसुरपुट्टा सब स्टेशन से 40 गांव जुड़े हैं। इनमें से 15 गांव में बिजली की समस्या ज्यादा है। 2 माह से लो वोल्टेज के साथ बिजली कटौती काफी ज्यादा हो रही है। परेशान होकर तीन गांव बासनवाही, बांगाबारी व साईमुंडा के ग्रामीण एकता नगर विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने पर कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया था। बाद में गेट खोला गया। हंगामा बढ़ता देख नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा 27 अप्रैल को शाम 6 से रात 11 बजे तक बिजली बंद रही। रात 11 बजे बिजली आई तो देर रात 1 बजे फिर गुल हो गई तो अगले दिन 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे तक बिजली बंद रही। इसके बाद से लगातार बिजली की आंख मिचौली चल रही है। ग्रामीणो ने कहा रोजाना 6-7 घंटा ही बिजली रहती है। जितने देर बिजली रहती है उसमें भी लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। खेतों में ट्यूबवेल नही चल पा रहे हैं। खेतो में फसल सूख रही है। तालाब, नदी सूख गए हैं। बिजली कटौती के कारण मोबाईल रिचार्ज नहीं कर पाते। कार्यपालन अभियंता केके साव ने ग्रामीणों को आश्वासत किया, की शीघ्र बिजली व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा जिसके बाद ग्रामीण लौटे लेकिन जाते जाते ग्रामीणों ने कहा समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो 30 अप्रैल को फिर से विद्युत विभाग कार्यालय पहुंच धरना प्रदर्शन करेंगे।

### समस्या का निराकरण हो जाएगाः कार्यपालन अभियंता

बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता केके साव ने कहा ग्राम मुसुरपुट्टा सब स्टेशन का पावर ट्रांसफार्मर 27 अप्रैल को फेल हो गया था। भिलाई से मंगाया गया है जो 29 अप्रैल शाम तक पहुंच जाएगा। मांडाभर्री में एक और सब स्टेशन की स्वीकृति मिल गई है। 14 मई को टेंडर प्रक्रिया होने वाली है जिसके बाद समस्या का निराकरण हो जाएगा।

## नवीन नक्सल पुनर्वास नीति पर पखांजूर में लगा विशेष शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर किया निराकरण

नवीन नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ति एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आज पखांजूर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नक्सल प्रभावित एवं पीड़ति परिवारों से आवेदन प्राप्त कर मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का निराकरण नियमानुसार किए जाने संबंधित विभाग के उच्च कार्यालय को अग्रेषित किया गया।

पखांजुर में आयोजित शिविर में 135 नक्सल पीड़ति परिवार तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा फॉर्म जमा किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर एएस पैकरा द्वारा विभिन्न विभागों से हितग्राहियों को शासन के विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया गया। शिविर में एएसपी पखांजूर, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज, एसडीओपी पखांजूर रवि कुजूर सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तहसीलस्तरीय कर्मा महोत्सव कोरर में मना, समाज को एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

- ुवाओं से नशामुक्त समाज बनाने की अपील की



तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव कोरर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव मंदिर नाकापारा कोरर से कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। अतिथियों ने साहू सदन में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंह साहू एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष गौरीशंकर साहू के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का स्तुति वंदन के साथ ही डीजे एवं गाजे बाजे कि धुन के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य चौक पहुंची। जहां स्थानीय व्यापारियों ने ठंडा पेय जल एवं बिस्किट फल जूस का वितरण किया। इसके पश्चात शोभायात्रा हाटकर्रा रोड स्थित साहू समाज सदन पहुंची। समाज के महिलाओं एवं पुरुषों का उमंग एवं उत्साह देखते ही बन रहा था।कार्यक्रम तीन चरणों में हुआ। पहले चरण में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण एवं कर्मा माता की आरती एवं पूजन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने समाज समाज की एकता एवं संगठन के लिए सभी को एक साथ चलते हुए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर सामाजिक उत्थान के लिए आगे आने का आव्हान किया। द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने समाज कि भलाई के लिए छत्तीसगढ़ शासन कि द्वारा जारी बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ का संदेश दिया एवं युवा पीढ़ी को नशामुक्त समाज बनाने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने माताओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए समाज के विकास में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने साहू समाज के लिए दो जगह पर साहू समाज भवन के लिए राशि प्रदान कर समाज के लिये कार्यों पर अपने संकल्पों का स्मरण कराया। उन्होंने स्व. मनोज मंडावी के द्वारा पूर्व में दिए गए अनुदान राशि से निर्मित सामाजिक भवनों की जानकारी देते हुए साहू सदन कोरर में किचन शेड के लिए साढ़े छह लाख रुपए देने की घोषणा किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला संरक्षक केआर गजबल्ला, जिला पंचायत सदस्य झरना हेमंत ध्रुव, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, लक्ष्मीकांत साहू, सेवकराम साहू, टीकाराम साहू, धन्नू राम साहू ,सोनू राम साहू ,जितेन्द्र साहू, टीकम साहू, प्रहलाद साहू, सतीश लाटिया, अनूप राठौर, केबी ठाकुर, हेमंत ध्रुव, मिथुन सोनी, पीयूष कश्यप, वेदवती शोरी जनपद सदस्य, डाकेश साहू , चंद्रकांत साहू ,शिवप्रसाद साहू,रति राम साहू ,प्रेम लाल साहू, अकरम कुरैशी उपस्थित रहे। मंच संचालन किशोर साहू ने किया।

# हल्बा समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित, मंतुराम बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- उपाध्यक्ष शिवकुमार, महासचिव श्याम सिंह होंगे



अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज का महाराष्ट्र के गोरेगांव में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों की मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मंतूराम पवार, उपाध्यक्ष शिवकुमार पात्र, महासचिव श्याम सिंह तारम, कोषाध्यक्ष पुनालाल भंडारी को सर्व सहमति से नियुक्त किया गया। दुर्गूकोंदल आदिवासी हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विकास राजू नायक ने कहा कि माई दंतेश्वरी की कृपा से हल्बा समाज के सांस्कृतिक विरासत को संजोने और भविष्य के विकास की योजनाओं पर जोर रहेगा। मंगतू राम पवार का मनोनयन उनकी समाज सेवा निष्ठा और नेतृत्व क्षमता का सम्मान है। हल्बा समाज के सभी महासभा में अच्छा समन्वय हो चाहे किसी भी महासभा की समस्या हो एक साथ मिलकर जुलकर समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हमारे समुदाय का चहुमुखी विकास होने के लिए अग्रसर, एकता ऐसा होना चाहिए अन्य समुदायों में हमारा समुदाय एक उदाहरण स्वरूप मिसाल बनें।

हमारे समाज के नव निर्वाचित महानुभावों से अपेक्षा रखते है कि बस्तर क्षेत्र का हल्बा इतिहास और संस्कृति ही संपूर्ण हल्बाओं का मूल इतिहास और संस्कृति है। क्षेत्रगत और सांस्कृतिक आधार पर महासभाओं में विभक्त हल्बा समाज को एकरूपता लाने का प्रयास उसकी मूल जनजातीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना अनिवार्य हो गया है। बैठक में युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष गोपी बढ़ाई, नंदकुमार बघेल, ज्योति नाग, पदमनी सोम, सचिव ललित गोयल, सहसचिव लुकेश भोयर, कोषाध्यक्ष संजु राना, नरेश दीवान, मन्नू दीवान, चंद्रशेखर खरे, नंदू खरे, जीतेन्द्र बारला, योगेश रावटे, नंदकुमार गुरुवर, शारदा बघेल, स्वास्तिक बघेल, अभिषेक ठाकुर, कैलाश टोहलिया, पुरुषोत्तम राना सहित अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज युवा प्रभाग ब्लॉक दुर्गूकोंदल के समस्त सगा बिरादर ने शुभकामनाएं दीं।

## निगम क्षेत्र में बिना अनुमति विज्ञापन होंर्डिग्स लगाना अवैधानिक

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम जगदलपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चौक चौराहों पर विज्ञापन ट्राली खड़ा किया जाता है। विगत दिनों आंधी तूफान आने से ट्रॉली सड़क पर गिरा पाया गया साथ ही यातायात बाधित भी हो रहा है। कभी भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत समस्त विज्ञापन ट्रॉली बंद करने का निर्णय निगम ने लिया है। निगम ने 24 घंटे के अंदर निकाय क्षेत्र से विज्ञापन ट्रॉली हटाने का निर्देश दिया है अन्यथा निगम द्वारा ट्राली जप्ती एवं जुमार्ना की कार्रवाई की जाएगी। निगम क्षेत्र में बिना अनुमति से विज्ञापन होडिंर्ग लगाया जाता है जो कि अवैधानिक कृत्य है। निगम ने विज्ञापन होडिंर्ग लगाने के पूर्व शर्तो का पालन करने कहा गया है। विज्ञापन होडिंर्ग्स निगम से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही लगाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक होडिंर्ग्स में प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम अंकित करना अनिवार्य है तथा विज्ञापन होडिंर्ग्स लगाने का तिथि कब से कब तक लगाना है वह भी अंकित करने कहा गया है। राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, जन्मदिवस एवं अन्य विज्ञापनों को बिना अनुमति के न लगाने का निर्देश निगम ने दिया है। निगम ने चांदनी चौक, एयरपोर्ट चौक, पनामा चौक, सिटी कोतवाली चौक एवं संपूर्ण डिवाइडर तथा विद्युत पोल, पेड़ में फ्लेक्स विज्ञापन लगाने पर प्रतिबंध लगाया है। निगम ने शर्तों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डीईओ ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई और साथ ही समर कैम्प का समापन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम उनके अभिभावकों को बताया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल मौजूद रहे। उनके द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत कक्षा पहली से चित्रांश सेठिया 99.6प्रतिशत, ऋचा मंडल 99.4 प्रतिशत समृद्धि मौर्य 99प्रतिशत, कक्षा दूसरी से श्रव्या देवांगन 98.2 प्रतिशत, देवराज शर्मा 97.7 प्रतिशत, लक्ष्य धर 94.3 प्रतिशत, कक्षा तीसरी से वंश कुमार साहू 98.5 प्रतिशत, सौम्या मिश्रा 93.1प्रतिशत हर्षित पाठक 89.7 प्रतिशत, कक्षा चौथी से मिहिका टेनेटी एवं शरून श्रेष्ठ संयुक्त रूप से 96.7 प्रतिशत पी. भूमिजा राव 94 प्रतिशत,जय सोनी 93.70 प्रतिशत, कक्षा छठवी से अनुश्री मिश्रा 91.8प्रतिशत, प्रयास नायक 86 प्रतिशत,कृतिका शर्मा 82.2 प्रतिशत, कक्षा सातवीं से वंशिका श्रीवास्तव 96.5 प्रतिशत, अनुती टेनेटी 93.2 प्रतिशत, धैर्य नंदनवार 85.8प्रतिशत, कक्षा नवमी (अ) से मुस्कान देवांगन 93.3 प्रतिशत, मयंक बेलसरिया 90 प्रतिशत, रायना फातिमा एवं आस्था यादव संयुक्त रूप से 90 प्रतिशत, कक्षा नवमी (ब) से दिशा साहू 90.5 प्रतिशत, हर्षिता यादव 89.6 प्रतिशत, अमित सिन्हा 84.6प्रतिशत, कक्षा 11वीं गणित से के.अंकिता राव 89प्रतिशत, आदित्य शर्मा 82.8प्रतिशत, हेमिका कश्यप 80.4प्रतिशत, कक्षा 11वीं जीव विज्ञान से साईं सुमन सामंत 87.8 प्रतिशत, तेजश भोल 81.6 प्रतिशत दीपिका बघेल 81.2 प्रतिशत, कक्षा 11वीं वाणिज्य से संपूर्णा दत्ता 85.2प्रतिशत, महेश्वरी यादव 84 प्रतिशत और दिशा सरवैया 78.8 प्रतिशत प्राप्त किया। हिंदी माध्यम में अध्ययनरत कक्षा पहली से रौनक शर्मा 95.1 प्रतिशत, रजीब दास एवं पूर्वी कश्यप 88.6 प्रतिशत, निहारिका ठाकुर 84.4 प्रतिशत, कक्षा दूसरी से प्रिया मांझी 91प्रतिशत , देवेश जाटव 87.2 प्रतिशत, वर्षा साहू 82.3प्रतिशत, कक्षा तीसरी से लाल बाबू शर्मा 85 प्रतिशत, आफिया 81.8 प्रतिशत, वर्षा साहू 80.3 प्रतिशत, कक्षा चौथी से धनराज पांडे 89.1 प्रतिशत, लोकेश कुमार शर्मा 80.1 प्रतिशत, खुशी बेगम 62.3 प्रतिशत, कक्षा छठवीं से श्रेया शर्मा 81.2 प्रतिशत, प्रीतम पांडे 77.3 प्रतिशत, कशिश नाग 73.4 प्रतिशत, कक्षा सातवीं से अंजली कुजूर 75 प्रतिशत, चैतन्य कुमार 70.4 प्रतिशत, कक्षा नवमी से जयंती नाग 70 प्रतिशत, झलक नाग 76.5, रिदम नाग 75.1 प्रतिशत, कक्षा 11वीं से खुशी बिस्वास एवं वितिका शाह 87.8 प्रतिशत, पलक टेलम 70.4 प्रतिशत, रोशनी नाग 70 प्रतिशत प्राप्त किया।

### कलेक्टर ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने रविवार को कोंटा विकासखंड के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र कोलाईगुड़ा का औचक निरीक्षण किया। संस्थागत प्रसव से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## भगवान परशुराम की जयंती की तैयारी में जन सहयोग ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर की समाज सेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज 29 अप्रैल को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती की तैयारी में समाज को सहयोग देते हुए 28 अप्रैल की सुबह भगवान परशुराम चौक ऊपर नीचे रोड मरीन ड्राइव में साफ सफाई करते हुए सारे चौक एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ पवित्र कर दिया।

अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती की तैयारी में जन सहयोग ने परशुराम चौक में स्वच्छता अभियान चलाया। जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में परशुराम चौक में जमकर साफ सफाई करते हुए परिसर को स्वच्छ कर दिया। उल्लेखनीय है कि यह चौक नेशनल हाईवे 30 पर स्थित है, इसी कारण यहां धूल तथा कचरे की समस्या बनी रहती है, जिस पर जन सहयोग के अध्यक्ष ने ध्यान देते हुए अपने कार्यकर्ता समाज सेवी मोहन सेनापति, डॉ श्याम देव, टीके जैन, करण नेताम, प्रवीण गुप्ता, डॉ विनोद वैद्य, बल्लू राम यादव आदि के सहयोग से स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
05 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)